## हिंदू-मुस्लिम, सिख -ईसाई, नैवेद्य लोक में सबने खाई रसमलाई

**फूड झोन की दुकानों को संचालित करने की उठी मांग**



**उज्जैन।** नानाखेड़ा सी टू वन के सामने नैवेद्य लोक का लोकार्पण मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बीते गुरुवार को किया था। उसके बाद लगातार उज्जैन शहरवासी परिवार के साथ बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं रविवार को भी फूड झोन में पैर रखने की जगह नहीं रही। ऐसे में अब इसकी अवधि बढ़ाई जाने की मांग उठने लगी है। सभी धर्मों के लोगों ने यहां लुफ्त उठाया।


दरअसल रविवार को छुट्टी का दिन होने से उज्जैन शहर के लोग परिवार के साथ बड़ी संख्या पहुंचे। ईद का त्यौहार होने की वजह से मुस्लिमजन परिवार के साथ पहुंचे तो सोने पर सुहागा हो गया,सर्वधर्म समभाव की झलक नैवेद्य लोक में दिखाई दी। रविवार का दिन होने से फूड जोन नैवेद्य लोक में सभी प्रशासनिक अफसर परिवार के साथ पहुंचे उज्जैन संभाग आयुक्त आशीष सिंह भी अपने परिवार को लेकर पहुंचे, उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह भी सहपरिवार आए। एसपी प्रदीप शर्मा से लगाकर जिला पंचायत सीईओ श्रेयांश कुमट और डीआईजी नवनीत भसीन भी परिवार के साथ फूड झोन में पहुंचे और सभी दुकानों पर बड़े चाव के साथ उन्होंने सभी व्यंजन का लुफ्त उठाया। लगभग 8 करोड़ की लागत से फूड झोन का निर्माण किया है ऐसे में यहां पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जैसे ही लोकार्पण किया उसके बाद लगातार यहां पर जिस प्रकार से प्रतिसाद मिल रहा है और हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई सभी धर्म के लोग यहां पर आकर परिवार के साथ तफरीह कर रहे हैं, अधिक से अधिक समय बिताते हुए व्यंजनों का लुफ्त ले रहे हैं, ऐसे में सभी 35 दुकान संचालकों ने प्राधिकरण से आग्रह किया है कि,दुकान जो दी गई है। उन्हें नि:शुल्क संचालित करने के लिए और समय दिया जाए।

**विचार करेंगे-बोले यूडीए सीईओ संदीप सोनी**

नवभारत से चर्चा में विकास प्राधिकरण के सीईओ संदीप सोनी ने बताया कि यह अच्छी बात है कि उज्जैन वासियों ने फूड जोन नैवेद्य लोक में अच्छा खासा प्रतिसाद दिया है। बड़ी संख्या में परिवार के साथ लोग यहां पर आ रहे है। रविवार को जिला प्रशासन के अधिकारी भी यहां पर पहुंचे। दुकानदारों ने अपनी मांग रखी है की नि:शुल्क दुकान जो उन्हें दी गई है उसका समय बढ़ा दिया जाए।

## देव पूजन, संगतिकरण और दान से संपन्न होता है यज्ञ

**गायत्री परिवार ने दो स्थानों पर किया पंच कुंडीय यज्ञ, और गुरु दीक्षा संस्कार भी**



**उज्जैन।** चैत्र नवरात्रि के चतुर्थ दिवस पर गायत्री परिवार द्वारा शहर में दो स्थानों पर पंच कुंडीय गायत्री यज्ञ का आयोजन किया गया। प्रगति नगर स्थित विक्रांत हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित यज्ञ में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। संस्कार परंपराओं को जीवंत रखने के उद्देश्य से इस अवसर पर पुंसवन, अन्नप्राशन एवं गुरु दीक्षा संस्कार भी संपन्न कराए गए।

यज्ञ का संचालन एम. रणधवल, नरेन्द्र सिंह सिकरवार, श्वेता प्रियदर्शी एवं शशि तोमर ने किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय संयोजिका पुष्पा गौर ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि देव पूजन, संगतिकरण और दान से ही यज्ञ पूर्ण होता है। नवरात्रि का पर्व संगठन की देवी दुर्गा को समर्पित है, इसलिए सज्जनों का संगतिकरण होना चाहिए। इसी उद्देश्य को लेकर यह सामूहिक यज्ञ आयोजित किया गया है। गायत्री शक्तिपीठ उज्जैन में मार्च माह की गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम के दौरान इस माह में आने वाले परिजनों के जन्मदिवस एवं विवाह वर्षगांठ हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। व्यवस्थापक जेपी यादव द्वारा वरिष्ठ परिजनों का आत्मीय अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में परिजन उपस्थित थे।

### एक नजर में



## रथ का शुभारंभ 1 को , 11 अप्रैल को रैली

**उज्जैन।** भारतीय बौद्ध महासभा उज्जैन व अजाक्स जिला उज्जैन द्वारा महात्मा ज्योतिबा राव फुले जयंती एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसी क्रम में कोठी पैलेस स्थित अजाक्स कार्यालय पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में भारतीय बौद्ध महासभा ओर अजाक्स पदाधिकारियों ने अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किए। भारतीय बौद्ध महासभा के संभाग प्रभारी धर्मेंद्र सोलंकी और अजाक्स जिला अध्यक्ष डॉ. आरएल परमार ने बताया कि 11 अप्रैल 2026 शनिवार को फुले जयंती पर मुख्य अतिथि भारतीय बौद्ध महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राज रत्न अंबेडकर जी होंगे तथा 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती के अवसर पर संविधान शपथ विधि एवं धर्म जागरण रथ यात्रा आयोजित की जाएगी। इस आयोजन में भोपाल अजाक्स के संरक्षक एवं पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष जे.एन. कंसोटिया, धम्म गुरु शाक्य पुत्र सागर भंते तथा एसएस सूर्यवंशी मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे, जिन्हें संगठन द्वारा आमंत्रित किया गया है। 11 अप्रैल को इंदिरा नगर चौराहा स्थित महात्मा ज्योतिबा राव फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। इसके पश्चात रैली टावर चौक स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पहुंचेगी, जहां माल्यार्पण किया जाएगा। आगे रैली तीन बत्ती चौराहा स्थित संत बलीनाथ जी की प्रतिमा स्थल पहुंचेगी और वहां श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद देवास रोड स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज उज्जैन में समापन होगा, जहां वक्ता अपने विचार व्यक्त करेंगे। बैठक में जिला अध्यक्ष डॉ. रतनलाल परमार, दरियाव सिंह गहलोत, कैलाश चंद्र कुसुमारिया, धर्मेंद्र सोलंकी, राम सोलंकी, जिला सचिव प्रवीण गहलोत राहुल तिलवे अध्यक्ष तथा पत्रकार यूनुस टेंशन सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।




## उज्जैन के अथर्व यादव ने रचा इतिहास

**उज्जैन।** नेपाल के हिमालयी क्षेत्र में स्थित अन्नपूर्णा बेस कैंप पर उज्जैन के अथर्व यादव ने अकेले पहुंचकर एक नई मिसाल कायम की है। अथर्व ने 4,130 मीटर की ऊंचाई वाले इस चुनौतीपूर्ण ट्रेक को बिना किसी टीम के सोलो फतह किया है। बर्फ से ढके रास्ते, कठिन मौसम और ऊंचाई की गंभीर चुनौतियों के बीच अथर्व ने सिर्फ अपने हौसले और आत्मविश्वास के दम पर यह मुकाम हासिल किया। ट्रेकिंग विशेषज्ञों के अनुसार, अन्नपूर्णा बेस कैंप तक पहुंचना ही अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है, लेकिन इस दुर्गम रास्ते को अकेले पूरा करना अत्यधिक कठिन माना जाता है। सोलो ट्रेकिंग में हर फैसला खुद लेना होता है और हर चुनौती का सामना अकेले ही करना पड़ता है। अपनी इस सफलता पर अथर्व का कहना है कि वह इस सफर पर अकेला चला था, लेकिन आज हर कोई इस जीत का हिस्सा बन गया है। अथर्व अपने इस रोमांचक सफर और ट्रेकिंग के अनुभवों को अपने इंस्टाग्राम अकाउंटपर लगातार साझा करते रहते हैं, जिसे लोगों द्वारा खूब पसंद किया जा रहा है। अथर्व की इस गौरवपूर्ण उपलब्धि की जानकारी खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष चंदू यादव ने दी। उन्होंने बताया कि अथर्व यादव की यह सफलता आज के युवाओं के लिए एक बड़ी प्रेरणा बनकर सामने आई है।

## सुरक्षा गार्ड की सड़क हादसे में मौत

**उज्जैन।** बड़नगर मार्ग पर शनिवार देर शाम सड़क हादसे में महाकाल मंदिर सिक्युरिटी गार्ड की दर्दनाक मौत हो गई। रविवार सुबह पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। मृतक गार्ड मंदिर के घर लौट रहा था। चिंतामण थाना पुलिस ने बताया कि देर शाम बड़नगर मार्ग चंदूखेड़ी में बाइक एमपी 13 एफएन 5973 पर सवार युवक ट्रक क्रमांक एमपी 09 बीके 8456 से टकरा गया। बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पहुंची तो मृतक की पहचान महाकाल मंदिर सिक्युरिटी गार्ड विकास पिता गणपत परमार 26 वर्ष निवासी ग्राम बलेड़ी के रूप में हुई। घटनास्थल से शव पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। सूचना मिलने पर परिजन अस्पताल पहुंच गए थे। सुबह पोस्टमार्टम के दौरान भाई लोकेंद्र ने बताया कि विकास अविवाहित था और कुछ महीना पहले ही महाकाल मंदिर में सिक्युरिटी गार्ड के काम पर लगा था। उसकी ड्यूटी रोटेशन में चल रही थी। शाम को मंदिर से वापस लौटते समय दुर्घटना हुई है। पुलिस के अनुसार दुर्घटना के बाद ट्रक को जप्त किया गया है चालक नहीं मिला है जिसकी तलाश की जा रही है। जानकारी यह भी सामने आई है कि विकास देरी से पहुंचा था जिसके चलते उसकी ड्यूटी नहीं लगाई गई थी वह ड्यूटी पर होता तो उसके साथ दुर्घटना नहीं होती।

## अर्पित बने तिनसुकिया विस के मुख्य प्रभारी

**उज्जैन।** आगामी असम विधानसभा चुनाव के मद्देनजर उज्जैन जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष अर्पित यादव को अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व ने उन्हें असम प्रदेश की तिनसुकिया विधानसभा क्षेत्र का मुख्य प्रभारी नियुक्त किया है। इस महत्वपूर्ण नियुक्ति पर अर्पित यादव ने युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु एवं युवक कांग्रेस असम प्रदेश प्रभारी मितेन्द्र दर्शन का आभार व्यक्त किया है। अपने चुनावी दायित्वों का निर्वहन करने और संगठन के कार्य हेतु वे आज असम के लिए रवाना होंगे।

## बच्चों की अस्थि समस्याओं और बोन कैंसर पर मंथन

**आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज में ऑर्थोपेडिक्स पीजी कोर्स संपन्न**



**उज्जैन।** आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज में 20 मार्च से चल रहा 28वां बी. मुखोपाध्याय पोस्टग्रेजुएट इंस्ट्रक्शनल कोर्स रविवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। आयोजन के अंतिम दिन के सत्र में मुख्य रूप से बच्चों की हड्डी संबंधी समस्याओं और बोन कैंसर पर प्रमुखता से चर्चा की गई।

इस विशेष सत्र में मुंबई के अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पीडियाट्रिक सर्जन डॉ. अलारिक अरूजीस और अहमदाबाद के डॉ. अभिजीत सालुंके ने अपने व्याख्यान दिए। वहीं उज्जैन के डॉ. जितेंद्र भटनागर ने हड्डियों की विकृतियों को दूर करने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली रशियन तकनीक का व्यावहारिक प्रदर्शन किया। आयोजन के समापन समारोह में वर्ल्ड ऑर्थोपेडिक कंसर्न इंटरनेशनल के अध्यक्ष डॉ. अरिंदम बनर्जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। समारोह में क्लिनिकल केस पर उत्कृष्ट चर्चा के लिए डॉ. ऐश्वर्या महाजन को बेस्ट पार्टिसिपेशन अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसी तरह डॉ. आरडी श्रीवास्तव को बेस्ट शॉर्ट केस और डॉ. अभिनव अमन को बेस्ट लॉन्ग केस का पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर कोर्स डायरेक्टर डॉ. डीके तनेजा ने सभी प्रशिक्षु चिकित्सकों को चिकित्सा के क्षेत्र में हमेशा ईमानदार और नैतिक मार्ग अपनाने की सलाह दी। कार्यक्रम के अंत में आयोजन सचिव डॉ. विवेक सिंह ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। डॉ. अजय खरे ने बताया कि मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. वीके महादिक के मार्गदर्शन में आयोजित इस तीन दिवसीय कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ऑर्थोपेडिक्स के पोस्टग्रेजुएट छात्रों की क्लिनिकल समझ और सर्जिकल विशेषज्ञता को बढ़ाना था।

## अजय मिश्रा पुन: बने भारत विकास परिषद अवंतिका शाखा के अध्यक्ष

**उज्जैन।** भारत विकास परिषद अवंतिका शाखा की साधारण सभा 21 मार्च को पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान वित्त सचिव चिराग शाह के निवास स्थान पर आयोजित की गई। इस बैठक में सर्वसम्मति से वर्ष 2026-27 के लिए नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें अजय मिश्रा को पुन: शाखा अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उनके साथ ही नीलेश शर्मा को सचिव और प्रकाश चंद्र व्यास को कोषाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। यह संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया चुनाव अधिकारी भगवान शर्मा की देखरेख में संपन्न हुई। इस साधारण सभा में रीजनल संगठन सचिव सुनील लवंगिकर, राजेंद्र शाह, कृष्ण कुमार पोरवाल, चंद्र शेखर ओझा, उन्माद नागर, चिराग शाह, नीरज गुप्ता और कृतिका शाह सहित परिषद के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## कुत्ते का मांस खाने के आरोप में पकड़ाया युवक भेजा जेल, घटती संख्या से शंका

**प्रशांतिधाम के सामने मैदान में शनिवार को हंगामा हो गया, डेरे में रहने वाले युवक पर कुत्ते काटने का आरोप**

**उज्जैन।** प्रशांतिधाम के सामने मैदान में शनिवार को हंगामा हो गया। डेरे में रहने वाले युवक पर कुत्ते काटने का आरोप लगाया गया। पुलिस हंगामें की खबर पर पहुंची और युवक को हिरासत में लिया। जिसके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर जेल भेजा गया है।

बताया जा रहा है कि प्रशांतिधाम के सामने खुले मैदान में पारदी लोगों ने डेरा जमा रखा है। कुछ दिनों से यहां स्ट्रीट डॉग (कुत्तों) की संख्या में कमी आ रही थी। आसपास के लोगों को शंका हुई, तो पता चला की डेरे में रहने वाला युवक कुत्ते पकड़कर ले जा रहा है। जिस पर नजर रखी गई, शनिवार को जैसे ही युवक ने कुत्ते का पकड़ा और अपने डेरे में ले जाने लगा तो लोगों ने उसे घेर लिया। कहा जा रहा था कि युवक द्वारा कुत्ते काटकर उसका मांस खाया जा रहा था।

**शारदा होम्स कॉलोनी का किया निरीक्षण**

उसके डेरे से मांस भी मिला, इसी बात पर हंगामा हो गया। नागझिरी थाना पुलिस की डायल 112 पहुंची और युवक को थाने लाया गया। उसका नाम मुकेश पिता राजकुमार पारदी निवासी ग्राम लखाहेड़ा हाल मुकाम प्रशांतिधाम के सामने डेरा सामने आया। थाना प्रभारी कमल निगवाल ने बताया कि हंगामा करने की खबर मिलने पर युवक को हिरासत में लिया गया।

## मुख कैंसर की प्रारंभिक पहचान और निदान पर दंत चिकित्सकों ने किया मंथन

**इंडियन डेंटल एसोसिएशन उज्जैन शाखा का सतत दंत शिक्षा कार्यक्रम संपन्न; विशेषज्ञों ने बताई**

**उज्जैन।** इंडियन डेंटल एसोसिएशन उज्जैन शाखा द्वारा डॉ. निहित सिंह राणा की अध्यक्षता में एक सतत दंत शिक्षा कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस व्याख्यान का मुख्य विषय डायग्नोसिस में हिस्टोपैथोलॉजी, बायोप्सी एवं रेडियोलॉजिकल जांच की भूमिका था। इस आयोजन का प्रमुख उद्देश्य दंत चिकित्सकों के बीच मुख कैंसर की प्रारंभिक पहचान, सटीक निदान कौशल और उपचार प्रक्रिया को और अधिक सुदृढ़ करना था। विशेषज्ञों के इस मंथन से शहर के मरीजों को सीधा लाभ मिलेगा, जिससे मुख कैंसर जैसी गंभीर बीमारी को अब प्रारंभिक अवस्था में ही पहचाना जा सकेगा। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. अतुल शर्मा एवं डॉ. पंकज गुप्ता ने अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए। आयोजन में शहर के बड़ी संख्या में दंत चिकित्सकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का कुशल मंच संचालन डॉ. नमिता अग्रवाल ने किया तथा अंत में डॉ. अंकित बाबर एवं डॉ. अपूर्व धारीवाल द्वारा आभार व्यक्त किया गया। डॉ. शुभम करोड़े ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि दंत चिकित्सकों के कौशल उन्नयन के लिए भविष्य में भी इस तरह के वैज्ञानिक सत्र निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे।

## छात्र को बेरहमी से पीटने वाले शिक्षक पर केस दर्ज

**महर्षि सांदीपनि राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठा से वायरल हुआ था वीडियो, चिंतामण थाना क्षेत्र का मामला**



**उज्जैन।** महर्षि सांदीपनि राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान में अध्ययन कर रहे छात्र को बेरहमी से शिक्षक द्वारा पीटे जाने का वीडियो वायरल होने के बाद रविवार को पुलिस ने मामले में शिक्षक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। शनिवार को चिंतामण थाना क्षेत्र के महर्षि सांदीपनि राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान में अध्ययन करने वाले एक छात्र के साथ शिक्षक द्वारा बेरहमी से पिटाई करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वीडियो में शिक्षक छात्र को दूसरे छात्र के बिस्तर पर सोने की बात को लेकर बुरी तरह छड़ी से पिटता दिखाई दे रहा था। वीडियो सामने आने के बाद सामने आया कि छात्र को पीटने वाला शिक्षक वेद विद्या प्रतिष्ठान की सामवेद राणायनीय शाखा का दत्तदास शेवड़े है। छात्र की पिटाई के दौरान शिक्षक के साथ राष्ट्रीय आदर्श वेदविद्या परिसर के छात्रावास का वार्डन भी मौजूद है जिसके द्वारा शिक्षक को रोक नहीं जा रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो के बाद पुलिस ने मामले में संज्ञान लिया।

**थाना प्रभारी ने रविवार को की थी आउंसलिंग**

चिंतामण थाना प्रभारी हेमराज यादव ने बताया कि छात्र को काउंसलिंग के लिए बुलाया। रविवार को हुई काउंसलिंग के बाद पुलिस ने शिक्षक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया। शिक्षक को गिरफ्तार सोमवार को न्यायालय में पेश किया जा सकता है। विदित हो कि महर्षि सांदीपनि राष्ट्रीय वेद विद्या संस्थान भारत सरकार के अधीन संचालित आवासीय संस्थान है, जहां वैदिक शिक्षा दी जाती है। देशभर से छात्र यहां अध्ययन के लिए आते हैं और परिसर में ही रहते हैं।

## हास्य के दीवानों की क्या पहचान स्वस्थ, सुखी, समृद्ध हिंदुस्तान...

**सब रोगों की एक दवाई थोड़ा हंस कर देखो भाई ईस्ट ना वेस्ट लाफ्टर इस द बेस्ट..**

**उज्जैन।** हास्य के दीवानों की क्या पहचान स्वस्थ, सुखी, समृद्ध हिंदुस्तान और ईस्ट या वेस्ट लाफ्टर इज द बेस्ट जैसे नारों के साथ हास्य योग केंद्र भारत दिल्ली के तत्वावधान में हास्य योग रजत जयंती वर्ष के अवसर पर उज्जैन में हंसो उज्जैन हंसो का प्रभावी आयोजन किया गया। हंसी की योगशाला और मस्ती की पाठशाला में विभिन्न प्रकार के हास्य योग के माध्यम से बीमारियों को दूर करने के मूल मंत्र बताए गए।

शुभारंभ समारोह के मुख्य अतिथि विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, सभापति कलावती यादव, प्रेस क्लब अध्यक्ष नंदलाल यादव, डॉ. एसएस सलूजा और पूर्व सभापति प्रकाश चितौड़ा थे। अतिथियों द्वारा हास्य भैरव का स्मरण कर दीप प्रज्वलन किया गया। समारोह में विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, सभापति कलावती यादव, प्रेस क्लब अध्यक्ष नंदलाल यादव ने कहा कि यह वह दौर है जहां इंसान गिर जाए तो हंसी निकल जाती है और मोबाइल गिर जाए तो जान निकल जाती है। वहीं, डॉक्टर सलूजा ने अपने प्रभावी उद्बोधन में कहा कि जीवन में कभी दुख ना आए यह असंभव है, लेकिन दुख में भी मनुष्य मुस्कुराए, यह पूरी तरह संभव है।

**कोही और व्यास को खिताब से नवाजा**

इस अवसर पर हास्य गुरु जतिन कोही का मालवी पगड़ी, दुपट्टा और आकर्षक मोमेंटो देकर उज्जैन शहर की ओर से विशिष्ट अभिनंदन किया गया। हंसता भारत स्वच्छ भारत स्लोगन के साथ हास्य योग केंद्र भारत द्वारा उज्जैन के स्वामी मुस्कुराके शैलेंद्र व्यास को हंसी के सरताज का खिताब एवं सम्मान देकर अलंकृत किया गया।

## रुपए नहीं देने पर किया हमला

**उज्जैन।** अंडे का ठेला लगाने वाले पिता पुत्र से बदमाश द्वारा रुपए मांगे गए। मना करने पर बदमाश ने पिता पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया।

भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम अंबोदिया स्थित देसी शराब की दुकान के पास कमल पिता जीवनलाल भैरवे 43 अंडे का ठेला लगाता है। जहां उसके बेटे चंदन और मोहित भी कामकाज में पिता का सहयोग करते हैं। शनिवार रात क्षेत्र का ही रहने वाला बदमाश जितेंद्र बाथम उनकी दुकान पर पहुंचा और ठेला लगाने के एवज में रूपों की मांग करने लगा। दुकान पर पुत्र चंदन और मोहित थे जिन्होंने रुपए देने से मना कर दिया बदमाश ने उनके ऊपर तलवार तान दी। जानकारी लगते ही पिता कमल दुकान पर पहुंचा और बदमाश का विरोध करने लगा बदमाश चला गया और कुछ देर बाद कुल्हाड़ी लेकर लौटा उसने कमल पर हमला कर दिया। घायल कमल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस द्वारा मामले में प्रकरण दर्ज कर बदमाश की तलाश शुरू कर दी गई है।

## गोष्ट सांगा स्पर्धा संपन्न, रुपाली विपट प्रथम

**उज्जैन।** इंदौर की साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रकल्पों को संचालित कर मराठी भाषा के संवर्धन के लिए सतत प्रयत्नशील संस्था सानंद द्वारा प्रतिवर्ष आजी आजोबा गोष्ट सांगा अर्थात दादा-दादी, नाना-नानी कहानी बताओ प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। इसी तारतम्य में इस वर्ष यह प्रतियोगिता रविवार को उज्जैन में संपन्न हुई। स्पर्धा में निर्णायक के रूप में इंदौर की अरुणा कुलकर्णी और अंजली फाटक उपस्थित थीं। सहयोगी के रूप में गगन गर्ग मौजूद रहे। प्रतियोगिता के परिणामों में रुपाली विपट प्रथम, साधना जोशी द्वितीय और हिमांशु कुलकर्णी तृतीय स्थान पर रहीं। इस आयोजन की संयोजक राजश्री जोशी थीं। विजेताओं को अगले चक्र के लिए इंदौर में आयोजित होने वाले फाइनल में शामिल होना है।

**देवियों की प्राण प्रतिष्ठा** ▶ **नवरात्रि में प्रतिदिन चल रही देवियों की प्रतिष्ठा, रामनवमी पर पूर्णाहुति**

## बगलामुखी मंदिर में विराजी मां षोडशी, भुवनेश्वरी, तारा और छिन्नमस्ता



**उज्जैन।** उज्जैन के भैरवगढ़ रोड स्थित प्रसिद्ध मां बगलामुखी धाम मंदिर में चैत्र नवरात्रि पर्व के दौरान 10 महाविद्या देवियों की मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा का अनुष्ठान भर्तृहरि गुफा के गादीपति महंत योगी पीर रामनाथ महाराज के सानिध्य में चल रहा है।

यह अनुष्ठान विद्वान आचार्यों के द्वारा 108 बटुक ब्राह्मणों की मौजूदगी में किया जा रहा है। अनुष्ठान में अब तक 10 महाविद्याओं में देवी षोडशी, भुवनेश्वरी, तारा और छिन्नमस्तिका की मूर्ति संपूर्ण विधि-विधान के साथ उनके अलग-अलग मंदिरों में शेर वाहन के साथ प्राण-प्रतिष्ठित की गई। इनके शिखरों पर पीतल के कलश भी स्थापित किए गए वहीं बाहर घंटियां भी लगाई गई है।

इधर महाराष्ट्र सरकार के जल संसाधन एवं आपदा प्रबंधन मंत्री गिरीश महाजन रविवार को उज्जैन में महाकाल दर्शन के लिए पहुंचे। उन्होंने सपत्नीक भगवान महाकाल की होने वाली भोग आरती में सम्मिलित होकर दर्शन का लाभ लिया। मंत्री महाजन ने मीडिया से कहा कि उज्जैन में सिंहस्थ 2028 से पहले 2027 में नासिक में कुंभ होगा जिसकी तैयारियां चल रही है। इस बार दोगुना श्रद्धालुओं के आने की संभावना है।

**2 दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव की तैयारियां शुरू**

श्री वीर हनुमान मंदिर कुम्हारवाड़ा कार्तिक चौक में दो दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव पर्व की तैयारियां शुरू हो गई है। मंदिर के गादीपति महंत एवं पुजारी पंडित जस्सू गुरु महाराज के सानिध्य में इस बार भी धूमधाम से बाबा का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर भव्य पालकी यात्रा निकाली जाएगी जिसका जनप्रतिनिधियों, संत-महंत एवं वरिष्ठ समाजसेवियों के साथ नगरभर के गणमान्यजनों को श्री वीर हनुमान भक्त मंडल के द्वारा आमंत्रण दिया जा रहा है। मंदिर के पुजारी नीलेश गुरु, पुजारी कृष्णा गुरु ने बताया कि 1 अप्रैल की शाम 5 बजे से नगर में पालकी यात्रा निकाली जाएगी तो 2 अप्रैल को दिव्य श्रृंगार दर्शन, महाआरती व प्रसाद वितरण के कार्यक्रम होंगे।